Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government to set up a special Committee to provide help to farmers whose crops are damaged due to Natural Calamities/ hailstorm in Bihar.

श्री चंदेश्वर प्रसाद (जहानाबाद): माननीय अध्यक्ष महोदय, बिहार में इस बार जो अतिवृष्टि और ओलावृष्टि होने के कारण क्षति हुई है, इसके लिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि इसके लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया जाए । चूंकि कई सदस्यों ने इस पर आवाज उठाई है, इसलिए मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि एक विशेष कमेटी का गठन करके, सभी राज्यों में जहां-जहां भी इस तरह की ओलावृष्टि या अतिवृष्टि से क्षति हुई है, उसका आकलन कराकर राज्यों को सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की जाए । आदरणीय मुख्य मंत्री जी काफी संवेदनशील हैं । बिहार में आदरणीय नीतीश कुमार जी इस पर काम कर रहे हैं लेकिन बिना केन्द्रीय सहायता के इस आपदा की घड़ी में किसानों को मदद मिलना मुश्किल है । इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि एक विशेष कमेटी का गठन इस संबंध में किया जाए । धन्यवाद ।